

02

हर वार्ड में होगी बैठकें, जिम्मेदार लोगों को दी जाएगी जिम्मेदारी: तंवर

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि दे रहा विश्व शांति का संदेश



मथुरा संस्करण

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 14 फरवरी 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2079, अमांत-माघ, कृष्ण पक्ष नवमी, मूल्य, 2.00 रुपए


## विद्यार्थियों ने यूथ-20 प्रोग्राम में भाग लिया



बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के विद्यार्थियों के समूह ने प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल दिशा निर्देशन में जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित हेल्थ, वेलबिंग एवं स्पोर्ट्स यूथ 20 प्रोग्राम में शिरकत की। यह प्रोग्राम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें देश के प्रतिष्ठ शिक्षण संस्थानों के हजारों युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य वक्ता के रूप में बहन कुमारी शिवानी ने युवा पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य, भलाई एवं खेल के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन से ध्यान केंद्रित करके व्यक्ति बाहरी आडंबरों बचा रहेगा व अपने कैरियर के प्रति सजग रहकर अच्छा नागरिक बनकर देश के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर सकेगा। अग्रवाल महाविद्यालय के 10 विद्यार्थियों के दल के साथ अध्यापक इंचार्ज सुभाष कैलोरिया सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।